सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 78 भाद्र 05, गुरुवार, शाके 1948– अगस्त 27, 2026 अंक 22
Vol. 78 Bhadra 05 , Thursday, Saka 1948 –August 27, 2026 No. 22

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं, आशा पत्नी श्री रामअवतार, निवासी– बेडास कलां, नथावाडा, जिला नागौर (राज.) शपथपूर्वक बयान करती हूँ किः–

1. यह कि मेरे पति श्री रामअवतार की पूर्व पत्नी श्रीमती सुनिता का देहान्त दिनांक 26–02–2015 को हो चुका है श्रीमती सुनिता के देहान्त के पश्चात मेरा विवाह दिनांक 31–01–2016 को श्री रामअवतार के साथ सम्पन्न हुआ जिस विवाह कापंजीयन करवाकर विवाह प्रमाण पत्र भी हमारे द्वारा प्राप्त कर लिया गया है।
2. यह कि मेरे पति की पूर्व पत्नी श्रीमती सुनिता की एक पुत्री दिव्यांशी जांगिड़ जन्म वर्ष 2012 में हुआ था इस कारण उसके जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम सुनिता अंकित है, जबकि समस्त शैक्षणिक व अन्य दस्तावेजात में मेरा नाम आशा अंकित है।
3. यह कि मैं मेरी पुत्री दिव्यांशी जांगिड़ के जन्म प्रमाण पत्र अन्य दस्तावेजात में उसकी पूर्व माता का नाम सुनिता के स्थान पर मेरा नाम आशा अंकित करवाना चाहती हूँ।
4. यह कि यह शपथ पत्र मेरी पुत्री दिव्यांशी जांगिड़ के जन्म प्रमाण पत्र में उसकी पूर्व माता सुनिता को संशोधित कर मेरा नाम आशा अंकित करवाने हेतु प्रस्तुत कर रही हूं।

स्थानः– अजमेर — आशा
दिनांकः– 27–05–2026 — शपथग्रहीता

सत्यापन

मैं, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि इस शपथ–पत्र के पैरा 01 लगायत 05 में वर्णित समस्त तथ्य मेरी निजी जानकारी से सही एवं सत्य हैं, इसमें कुछ भी असत्य नहीं है।

स्थानः– अजमेर — आशा
दिनांकः– 27–05–2026 — शपथग्रहीता

ATTESTED
TEJENDRA SINGH
27-05-2026
NOTARY PUBLIC
AJMER (RAJ.)
18542

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।